Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## फरवरी भाग-2
## 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

1. 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. इस योजना के तहत मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है।
   2. PMMSY का आदर्श वाक्य मत्स्य क्षेत्र में "सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन" करना है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. ओमॉर्गस खांडेश (Omorgus Khandesh) भृंग को केराटिन भृंग के रूप में जाना जाता है और इसे नेक्रोफैगस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
   2. वैसे आर्थ्रोपोड जो मृत अवशेषों का भोजन करते हैं, नेक्रोफैगस कहलाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. अगस्त्यार्कूदम शिखर निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

   A. केरल
   B. तमिलनाडु
   C. कर्नाटक
   D. आंध्र प्रदेश

4. 5G नेटवर्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह एक नया नेटवर्क है जिसे सिंगल हाई फ्रीक्वेंसी बैंड पर कार्य करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
   2. यह नेटवर्क की विलंबता (लेटेंसी) गति को बढ़ाएगा।

3. यह मशीन-टू-मशीन संचार को और सुविधाजनक बनाएगा।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

5. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद यह निर्धारित करता है कि किसी भी नागरिक को राज्य निधि से बनाए गए कुओं, तालाबों और स्नान घाटों के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता है?

   A. अनुच्छेद 15
   B. अनुच्छेद 16
   C. अनुच्छेद 17
   D. अनुच्छेद 20

नोट :

6. 'आदिवासी सहकारी विपणन विकास संघ (TRIFED)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. TRIFED की स्थापना बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 1984 के तहत एक राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था के रूप में की गई थी।
2. आदि महोत्सव जो TRIFED की एक पहल है, आदिवासी कारीगरों, शिल्पकारों और महिलाओं को सीधे बाज़ार से जोड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. गैसोलीन की ऑक्टेन रेटिंग को बढ़ाने के लिये उसमें लेड/शीशा मिलाया जाता है, जो किसी इंजन के "अचानक बंद होने" अथवा इंजन में विस्फोट की संभावनाओं को कम करने की ईंधन की क्षमता का माप होता है ।
2. सीसे का प्रदूषण भी गैसोलीन का ही परिणाम है, जो कि हाइड्रोकार्बन का मिश्रण है, जिसमें अल्केन्स, साइक्लोअल्केन्स और सुगंधित रसायन शामिल हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. द्विपक्षीय अभ्यास धर्म गार्जियन निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच आयोजित किया जाता है?

A. भारत और जापान
B. भारत और ऑस्ट्रेलिया
C. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका
D. भारत और रूस

9. वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पश्चिमी सीमा पर स्थित गाँवों के विकास का ढाँचा है।
2. यह कौशल विकास और उद्यमिता के माध्यम से 'हब एंड स्पोक मॉडल' पर काम करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. निर्यात प्रोत्साहन
2. आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना
3. उत्पादकता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार

उपर्युक्त कार्रवाईयों में से कौन-सी चालू खाता घाटे को कम करने में मदद कर सकती है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

11. पैंगोलिन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है ?

A. वे मृदा को वायु एवं नमी युक्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

B. पैंगोलिन की सभी प्रजातियाँ वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES) के परिशिष्ट I में सूचीबद्ध हैं।

C. पैंगोलिन विश्व स्तर पर सबसे अधिक तस्करी किये जाने वाले जंगली स्तनधारियों में से हैं, जिनका ज़्यादातर यूरोप में व्यापार होता है।

D. वे प्राथमिक और द्वितीयक उष्णकटिबंधीय वनों सहित आवासों की एक विस्तृत शृंखला के अनुकूल हैं।

12. वाष्पशील पदार्थ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वाष्पशील तत्त्व अथवा यौगिक होते हैं जो ठोस या तरल अवस्था से अपेक्षाकृत उच्च तापमान पर वाष्प में परिवर्तित हो जाते हैं।
2. गैर-वाष्पशील पदार्थों की तुलना में इनके पदार्थ आमतौर पर अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. भुगतान एग्रीगेटर्स के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. भुगतान एग्रीगेटर ऐसी कंपनियाँ हैं जो ग्राहक और व्यापारी के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करके ऑनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान करती हैं।
2. पेमेंट गेटवे एक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है जो एक ऑनलाइन स्टोर या मर्चेंट को पेमेंट प्रोसेसर से जोड़ता है, जिससे मर्चेंट को ग्राहक से भुगतान स्वीकार करने की अनुमति मिलती है।
3. भुगतान गेटवे की पेशकश करने के लिये भुगतान एग्रीगेटर्स को RBI द्वारा अनुमति प्राप्त नहीं है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

14. एयरो इंडिया 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एयरो इंडिया 2023 की थीम "आत्मनिर्भर भारत: एयरोस्पेस उद्योग में भारत को आत्मनिर्भर बनाना" है।
2. एयरो इंडिया 2023 में केवल भारतीय विमानों का स्थिर प्रदर्शन और लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों का उड़ान प्रदर्शन दिखाया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. भारत में सीलबंद कवर न्यायशास्त्र की अवधारणा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उस प्रथा को संदर्भित करता है जहाँ गोपनीय जानकारी न्यायालय में एक सीलबंद कवर में प्रस्तुत की जाती है।
2. यह न्यायालय को गोपनीयता बनाए रखते हुए संवेदनशील जानकारी पर विचार करने की अनुमति देता है।
3. सीलबंद कवर का उपयोग आपराधिक मामलों तक ही सीमित है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. डॉल्फिन द्वारा इकोलोकेशन का उपयोग उच्च आवृत्ति अनुप्रस्थ तरंगों का उत्सर्जन करके वस्तुओं का पता लगाने हेतु किया जाता है।
2. अंत:जल शोर उत्सर्जन (Underwater Noise Emission- UNE) डॉल्फिन में स्थायी श्रवण हानि का कारण बन सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. 'दल-बदल विरोधी कानून' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची, जिसे दलबदल विरोधी कानून के रूप में भी जाना जाता है, को 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा जोड़ा गया था।
2. दल-बदल के आधार अयोग्यता पर अध्यक्ष/सभापति का निर्णय अंतिम होता है और यह न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सदस्यों का चुनाव संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है।
2. यह सतत् विकास के लिये वैश्विक महत्त्व के विषय पर अपने कार्य की वार्षिक संरचना करती है।
3. विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ECOSOC के दायरे में हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

19. सरकारी प्रतिभूतियों/जी-सेक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जी-सेक केवल राज्य सरकारों द्वारा जारी किये जाते हैं।
2. जी-सेक एक वर्ष या उससे अधिक की मूल परिपक्वता वाली अल्पकालिक प्रतिभूतियाँ हैं।
3. जी-सेक में डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता है और इसे जोखिम मुक्त गिल्ट-एज इंस्ट्रूमेंट कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

20. भारतीय पशुधन क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछले छह वर्षों में भारत में पशुधन क्षेत्र में लगभग 7.5% की वृद्धि हुई है।
2. हाल ही में ICAR ने महाराष्ट्र के कथानी मवेशियों को पशुधन प्रजातियों की एक नई नस्ल के रूप में पंजीकृत किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम)
2. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (SCRA)
3. कंपनी अधिनियम, 2013
4. निक्षेपागार अधिनियम, 1996

उपर्युक्त अधिनियमों में से किसके तहत शेयर बाज़ारों को विनियमित किया जाता है?

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

22. रोडोडेंड्रन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रोडोडेंड्रन केवल दक्षिण एशिया में पाए जाने वाले फूलों के पौधों की एक प्रजाति है।
2. इनमें गहरे रंग के फूल होते हैं और बगीचों तथा उद्यानों में ये सजावटी पौधों के रूप में काफी प्रचलित हैं।
3. रोडोडेंड्रन अर्बोरेटम नगालैंड का राज्य फूल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

23. डीप-सी माइनिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डीप-सी माइनिंग 1000 मीटर से नीचे गहरे समुद्र तल से खनिजों को पुन: प्राप्त करने की प्रक्रिया है।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा विनियमित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

24. कावेरी नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महाराष्ट्र में नासिक के पास त्र्यंबकेश्वर से निकलती है।
2. इसकी कुछ सहायक नदियाँ अर्कवती, हेमवती, लक्ष्मण तीर्थ और तीस्ता हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम विकार (Autism spectrum disorder- ASD) तंत्रिका-विकासात्मक विकारों के समूह के लिये एक शब्द है।

2. ASD एक मानसिक मंदता है क्योंकि ऑटिज़्म से पीड़ित लोग कला, संगीत, लेखन आदि जैसे क्षेत्रों में कौशल नहीं दिखा सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

26. वोस्ट्रो खातों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक बैंक द्वारा दूसरे बैंक में अक्सर खोले जाने वाला खाता है क्योंकि इसकी विदेश में कोई शाखा नहीं होती है।

2. अधिकृत बैंक एक ही देश के विभिन्न बैंकों में कई वोस्ट्रो खाते खोल सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. एस्ट्रोसैट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जीवित जीवों पर सूक्ष्म गुरुत्त्व के प्रभावों का अध्ययन करने के लिये नासा द्वारा लॉन्च किया गया एक उपग्रह है।

2. इसे नियर-अर्थ इक्वेटोरियल ऑर्बिट में लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

28. सकल घरेलू जलवायु जोखिम रैंकिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (XDI) द्वारा प्रकाशित किया गया है।

2. उच्च जोखिम वाले प्रांतों में लद्दाख एकमात्र भारतीय राज्य/केंद्रशासित प्रदेश है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

29. किस संगठन ने न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिये सामाजिक न्याय पर घोषणा का समर्थन किया?

A. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
B. विश्व स्वास्थ्य संगठन
C. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

30. जादुई पिटारा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बच्चों के लिये खेल-आधारित शिक्षण सामग्री है।
2. इसमें केवल खिलौने, पहेलियाँ और फ्लैश कार्ड शामिल हैं।
3. यह 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

31. मच्छर की एक प्रजाति एनोफिलीज़ स्टेफेन्सी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम और पी. विवैक्स मलेरिया परजीवी दोनों को प्रसारित करने में सक्षम है।
2. यह प्रजाति मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. उप-परमाण्विक कणों के मानक मॉडल (Standard Model- SM) सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. यह निर्धारित करता है कि उप-परमाणु कण मौलिक बलों से कैसे प्रभावित होते हैं: मज़बूत-परमाणु, कमज़ोर-परमाणु और गुरुत्वाकर्षण।
B. इसने हिग्स बोसॉन कण के अस्तित्त्व की भविष्यवाणी की थी।
C. सिद्धांत ब्रह्मांड में एंटीमैटर पर पदार्थ की अधिकता की व्याख्या करने में असमर्थ साबित हुआ।
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

33. सागर परिक्रमा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल चार तटीय राज्यों में आयोजित की जाने वाली नौवहन यात्रा है।
2. इसका उद्देश्य समुद्री मत्स्यपालन से संसाधनों के उपयोग में एक स्थायी संतुलन प्राप्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. हाल ही में समाचारों में उल्लिखित 'कीलादी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

A. कीलादी शहरी सभ्यता का एक स्थल है जो संगम युग के दौरान तमिलनाडु में मौजूद था।
B. इसे सिंधु घाटी सभ्यता का समकालीन माना गया है।
C. यह पेरियार नदी के तट पर स्थित है।
D. पुरातत्त्वविदों को इस सभ्यता के साथ बाहरी व्यापार का कोई सबूत नहीं मिला है।

नोट :

35. BBNJ संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे क्षेत्रों के समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।
2. इसे UNCLOS के ढाँचे के तहत विकसित किया जा रहा है।
3. इसे संयुक्त राष्ट्र जैवविविधता अभिसमय के तहत लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत सूचीबद्ध है।
2. NMCG को लागू करने वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा डिकिन्सोनिया के संबंध में सही है?

A. यह जुरासिक काल के दौरान पाया जाने वाला एक प्रकार का डायनासोर है।
B. यह क्रेटेशियस काल के दौरान पुष्पों के पौधे की एक प्रजाति है।
C. यह एडियाकरन काल के दौरान पाया जाने वाला एक विलुप्त पशु है।
D. यह कैम्ब्रियन काल के दौरान पाया जाने वाला एक प्रकार का समुद्री अकशेरूकीय है।

38. भारतीय विधि आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक निकाय है।
2. ब्रिटिश शासन काल के दौरान पहले विधि आयोग की अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी।
3. केवल सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश आयोग का नेतृत्व करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

39. 'मातृ मृत्यु दर प्रवृत्ति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट है।
2. रिपोर्ट वर्ष 2000 और 2020 के बीच भारत में मातृ मृत्यु दर में मामूली वृद्धि दर्शाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

40. LCA तेजस Mk1 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल स्वदेशी हथियारों के साथ एकीकृत होगा।
2. इसे सुखोई के प्रतिस्थापन के रूप में पेश किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के मध्य एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का परिणाम है।
2. यह अब तक निर्मित सबसे बड़ा, सबसे शक्तिशाली इन्फ्रारेड स्पेस टेलीस्कोप है।
3. यह बिग बैंग के ठीक बाद के समय में अतीत में झाँक सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

42. न्यू स्टार्ट संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. इसने स्ट्रैटेजिक ऑफेंसिव रिडक्शन ट्रीटी (SORT) का स्थान लिया है।
B. इसने अंतर-महाद्वीपीय श्रेणी के परमाणु हथियारों पर नई सत्यापन योग्य सीमाएँ निर्धारित की हैं।
C. इसने अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों की संख्या में वृद्धि की, जिसे प्रत्येक पक्ष तैनात कर सकता था।
D. यह संधि वर्ष 2009 में समाप्त हो गई।

43. फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन (FGD) संयंत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. यह वायुमंडल में उत्सर्जित होने से पहले ग्रिप गैस से सल्फर डाइऑक्साइड को हटा देता है।
2. FGD संयंत्र द्वारा उत्पादित जिप्सम का उपयोग उर्वरक, सीमेंट, कागज़, कपड़ा एवं निर्माण उद्योगों में किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) का सही वर्णन करता है:

1. यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो भारत में खरीदारों और विक्रेताओं के बीच ऑनलाइन लेन-देन को सक्षम बनाता है।
2. यह एक सरकार के नेतृत्व वाली पहल है जो भारत में ई-कॉमर्स उद्योगों के लिये एक सामान्य डिजिटल बुनियादी ढाँचा तैयार करना चाहती है।
3. यह भारत में ई-कॉमर्स कंपनियों का एक निजी संघ है जिसका उद्देश्य उनके संचालन को सुव्यवस्थित करना और दक्षता में वृद्धि करना है।
4. यह भारतीय ई-कॉमर्स वेबसाइटों के लिये प्रमाणन कार्यक्रम है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे गुणवत्ता और सुरक्षा के कुछ मानकों को पूरा करते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वित्त आयोग (FC) एक संवैधानिक निकाय है।
2. संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत भारत के वित्त मंत्री को एफसी का गठन करना आवश्यक है।
3. 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक पाँच वर्ष की अवधि शामिल होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

46. निम्नलिखित में से कौन-सा अभ्यास भारत और यूनाइटेड किंगडम (UK) के बीच आयोजित नहीं किया गया है?

A. अजेय वॉरियर

B. साइटमेक्स

C. कोंकण शक्ति

D. इंद्रधनुष

47. INS सिंधुकेसरी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रूस निर्मित सिंधुघोष श्रेणी की पनडुब्बियों का हिस्सा है।
2. ये पनडुब्बियाँ किलो श्रेणी की डीज़ल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

48. ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रामीण आय का दो-तिहाई अब गैर-कृषि गतिविधियों से उत्पन्न होता है।
2. आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, 47% आबादी आजीविका के लिये कृषि पर निर्भर है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

49. नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म है जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरूकिए गए विभिन्न सरकारी विभागों एवं एजेंसियों के डेटा तक पहुँच प्रदान करता है।
2. मंच केवल सरकारी अधिकारियों हेतु सुलभ है और जनता के लिये नहीं खुला है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A) केवल 1

B) केवल 2

C) 1 और 2 दोनों

D) न तो 1 और न ही 2

50. ह्यूमन इम्यूनोडिफिसिएंसी वायरस (HIV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वायरस मस्तिष्क के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (Central Nervous System- CNS) को प्रभावित करता है।
2. वर्तमान में संक्रमण का कोई इलाज नहीं है, एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी का उपयोग करके रोग का प्रबंधन किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

51. हमिंगबर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह अमेरिकी महाद्वीप का स्थानीय है।
2. भारत के सनबर्ड्स की तुलना इन पक्षियों से की जा सकती है।
3. एज़्टेक ने उन्हें हुइत्ज़िलिन या 'सूर्य की किरण' के रूप में संदर्भित किया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

52. अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलीमीटर ऐरे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक टेलीस्कोप मिलीमीटर और सबमिलीमीटर तरंग दैर्ध्य पर आकाशीय पिंडों का अध्ययन करता है।
2. यह परियोजना पूरी तरह से यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला द्वारा वित्तपोषित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. निम्नलिखित में से किस जल निकाय की जर्मनी के साथ सीमा नहीं है?

1. उत्तरी सागर
2. बाल्टिक सागर
3. एजियन समुद्र
4. पश्चिमी भूमध्य सागर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3 और 4

C. केवल 1 और 3

D. केवल 2 और 4

नोट :

54. ओलिव रिडले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे दुनिया में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और सबसे प्रचुर मात्रा में हैं।
2. वे बड़े पैमाने पर घोंसले बनाने के लिये जाने जाते हैं जिसे 'अरिबादा' कहा जाता है।
3. वे प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म पानी में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

55. हाल ही में मिशन शक्ति खबरों में थी। इसके बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. यह बैंकिंग प्रणाली को मज़बूत करने और NPA को कम करने की एक परियोजना है।
B. यह महिलाओं की संरक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिये एक व्यापक योजना है।
C. यह तुर्की में आए भूकंप में भारत के राहत मिशन को दिया गया एक नाम है।
D. यह कुपोषण को समाप्त करने हेतु एक साधन के रूप में बाजरा को बढ़ावा देने के लिये बजट- 2023 में घोषित एक उप योजना है।

## व्याख्या भाग-2

**1 C**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana- PMMSY) के तहत मछुआरे बीमा कवरेज, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा जैसे विभिन्न लाभों के पात्र हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे दो अलग-अलग घटकों के साथ एक व्यापक योजना के रूप में लागू किया गया है:
  - **केंद्रीय क्षेत्रक योजना:** परियोजना लागत केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी।
  - **केंद्र प्रायोजित योजना:** सभी उप-घटकों/गतिविधियों को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा और लागत केंद्र एवं राज्य के बीच साझा की जाएगी।
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) का आदर्श वाक्य मत्स्य क्षेत्र में "सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन" करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**2 C**

**व्याख्या:**

- ओमॉर्गस खांडेश झींगुर/भृंग को केराटिन भृंग के रूप में भी जाना जाता है और इसे नेक्रोफैगस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह प्रजाति ट्रोगिडे समूह से संबंधित है।
- जब एक कीट को "नेक्रोफैगस" के रूप में वर्णित किया जाता है, तो इसका अर्थ है कि यह मृत और सड़े हुए जानवरों का मांस खाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ये ज़्यादातर पक्षियों और स्तनधारियों के घोंसलों अथवा बिलों के आसपास पाए जाते हैं।

**3 A**

**व्याख्या:**

अगस्त्यार्कूदम भारत के पश्चिमी घाट में स्थित एक चोटी है। यह केरल की सबसे ऊँची चोटियों में से एक है तथा राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित है।

नोट :




**अतः विकल्प A सही है।**

4 C

**व्याख्या:**

- **5G नेटवर्क के बारे में:**
  - 5G 5वीं पीढ़ी का मोबाइल नेटवर्क है। यह 1G, 2G, 3G और 4G नेटवर्क के बाद एक नया वैश्विक वायरलेस मानक है।
  - 5G 3 बैंड (लो, मिड और हाई-फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम) पर कार्य करता है, जिनमें से सभी के अपने उपयोग और सीमाएँ हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **लाभ:**
  - **उच्च गति प्रौद्योगिकी:**
    - 5G मोबाइल नेटवर्क पर डाउनलोडिंग और अपलोडिंग स्पीड को बढ़ाएगा।
    - 5G के उच्च-बैंड स्पेक्ट्रम पर इंटरनेट की गति 20Gbps (गीगाबिट्स प्रति सेकंड) जितनी अधिक होने का परीक्षण किया गया है।
- 4जी में अधिकतम इंटरनेट डेटा स्पीड 1Gbps दर्ज की गई है।
    - 5G विलंबता को भी कम करेगा यानी एक नेटवर्क द्वारा प्रतिक्रिया देने में लगने वाला समय। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **मशीन-टू-मशीन इंटरैक्शन:**
    - 5G मशीन-टू-मशीन संचार की सुविधा में और वृद्धि करेगा, जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) की नींव है। **अतः कथन 3 सही है।**
- 5G संयुक्त रूप से IoT, क्लाउड, बिग डेटा, AI और एज कंप्यूटिंग के साथ, चौथी औद्योगिक क्रांति में एक महत्त्वपूर्ण प्रवर्तक हो सकता है।

5 A

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 15 (1) और (2) राष्ट्र को धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान और अन्य ऐसे किसी एक या कई पहलुओं के आधार पर किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव करने से रोकता है।

नोट :

- ये प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि दुकानों, होटलों, रेस्तराँ, मनोरंजन के स्थानों और अन्य ऐसी सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुँचने तथा उपयोग करने के लिये उपरोक्त आधारों पर किसी भी व्यक्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। **अतः विकल्प A सही है।**

**6 C**

**व्याख्या:**

- TRIFED की स्थापना अगस्त 1987 में बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 1984 के तहत भारत सरकार द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था के रूप में की गई थी, जिसका मूल उद्देश्य देश के आदिवासियों का सामाजिक-आर्थिक विकास करना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- आदि महोत्सव कार्यक्रम "शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य का उत्सव" की थीम पर आयोजित किया जाता है।
- आदि महोत्सव आदिवासी कारीगरों, शिल्पकारों और महिलाओं को बड़े मेट्रो शहरों तथा राज्यों की राजधानियों में सीधे बाज़ार से जोड़ता है। यह ट्राइफेड की एक पहल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**7 C**

**व्याख्या:**

- गैसोलीन, जिसे पेट्रोल के रूप में भी जाना जाता है, कच्चे तेल से बना एक ज्वलनशील तरल ईंधन है।
- गैसोलीन की ऑक्टेन रेटिंग को बढ़ाने के लिये उसमें लेड/शीशा मिलाया जाता है, जो किसी इंजन के "अचानक बंद होने" अथवा इंजन में विस्फोट की संभावनाओं को कम करने की ईंधन की क्षमता का माप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जब किसी इंजन में लेड युक्त गैसोलीन जलता है, तो इससे हवा में लेड के कण निष्काषित होते हैं।
- लेड का प्रदूषण भी गैसोलीन का ही परिणाम है, जो कि हाइड्रोकार्बन का मिश्रण है, जिसमें अल्केन्स, साइक्लोअल्केन्स और सुगंधित रसायन शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**8 A**

**व्याख्या:**

**भारत और जापान के बीच सैन्य अभ्यास:**

- जिमेक्स (नौसेना)
- शिन्यु मैत्री (वायु सेना)
- वीर गार्जियन (वायु सेना)
- धर्म गार्जियन (थल सेना) **अतः विकल्प A सही है।**

**9 B**

**व्याख्या:**

- **वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम:**
  - यह एक केंद्रीय वित्तपोषित कार्यक्रम है जिसकी घोषणा केंद्रीय बजट वर्ष 2022-23 (2025-26 तक) में उत्तर में सीमावर्ती गाँवों को विकसित करने और ऐसे सीमावर्ती गाँवों के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल होंगे।
    - इसके तहत 2,963 गाँवों को कवर किया जाएगा, जिनमें से 663 पहले चरण में कवर किये जाएंगे।
    - ग्राम पंचायतों की सहायता से ज़िला प्रशासन द्वारा वाइब्रेंट विलेज एक्शन प्लान बनाए जाएंगे।
    - वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की वजह से 'सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम' के साथ ओवरलैप की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।
- **उद्देश्य:**
  - यह योजना उत्तरी सीमा पर सीमावर्ती गाँवों के स्थानीय, प्राकृतिक, मानव तथा अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक चालकों की पहचान एवं विकास करने में सहायता करेगी।

- सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास तथा उद्यमिता के माध्यम से युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तीकरण द्वारा 'हब एंड स्पोक मॉडल' (Hub and Spoke Model) पर आधारित विकास केंद्रों को विकसित करना। **अतः कथन 2 सही है।**
  - स्थानीय, सांस्कृतिक, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा देकर पर्यटन क्षमता का लाभ उठाना।
  - समुदाय आधारित संगठनों, सहकारी समितियों और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से 'एक गाँव-एक उत्पाद' की अवधारणा पर स्थायी पर्यावरण-कृषि व्यवसायों का विकास करना।

**10 D**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और उसके कुल राजस्व (उधार को छोड़कर) के बीच का अंतर है।
  - CAD और राजकोषीय घाटा संयुक्त रूप से दोहरा घाटा है जो शेयर बाज़ार और निवेशकों को प्रभावित कर सकता है।
- **चालू खाता घाटा को कम करने के तरीके:**
  - निर्यात प्रोत्साहन: CAD को कम करने के लिये निर्यात प्रोत्साहन सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।
  - आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना: वर्तमान में आयात की जा रही वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने से व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सकती है।
  - उत्पादकता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार: घरेलू अर्थव्यवस्था की उत्पादकता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार से निर्यात बढ़ाने तथा व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सकती है। **अतः विकल्प D सही है।**

**11 C**

**व्याख्या:**

- पैंगोलिन रात्रिचर स्तनधारी हैं जो बिलों को खोदते हैं तथा चींटियों एवं दीमकों को खाते हैं और पारिस्थितिक तंत्र प्रबंधन में ज़्यादातर मृदा को वायु एवं  नमी युक्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- पैंगोलिन अपने अनोखे रूप के लिये जाने जाते हैं। उनके पास केराटिन के बने शल्क होते हैं जो उनके पूरे शरीर को ढँकते हैं।
- खतरे की स्थिति में वे स्वयं की सुरक्षा के लिये गेंद की भाँति रोल हो सकते हैं।
- पैंगोलिन विश्व स्तर पर सबसे अधिक तस्करी किये जाने वाले जंगली स्तनधारियों में से हैं, जिनका व्यापार ज़्यादातर एशिया में होता है, जहाँ उनके शल्कों का प्रयोग औषधीय प्रयोग हेतु करते हैं तथा उनके मांस को स्वादिष्ट माना जाता है। **अतः विकल्प C सही नहीं है।**
- यह प्राथमिक और द्वितीयक उष्णकटिबंधीय जंगलों, चूना पत्थर और बाँस के जंगलों, घास के मैदानों एवं कृषि क्षेत्रों सहित आवासों की एक विस्तृत शृंखला के लिये अनुकूलनीय है।
- पैंगोलिन की सभी प्रजातियाँ वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (Convention on International Trade in Endangered Species- CITES) के परिशिष्ट I में सूचीबद्ध हैं।

**12 B**

**व्याख्या:**

- वाष्पशील वे तत्त्व अथवा यौगिक होते हैं जो अपेक्षाकृत कम तापमान पर ठोस या तरल अवस्था से वाष्प में परिवर्तित हो जाते हैं। सबसे आम वाष्पशील कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन, अमोनिया, हाइड्रोजन, मीथेन, सल्फर डाइऑक्साइड और जल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हाल के अध्ययन के अनुसार, कुछ प्रसिद्ध वाष्पशील पदार्थ आंतरिक सौर प्रणाली से परे उत्पन्न हो सकते हैं, जैसे कि जस्ता एक वाष्पशील पदार्थ है, जो बाह्य सौर मंडल में क्षुद्रग्रह बेल्ट के बाहर उत्पन्न हुआ है।
- गैर-वाष्पशील पदार्थों की तुलना में इनके पदार्थ आमतौर पर अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

13 A

**व्याख्या:**

- भुगतान गेटवे एक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है जो एक ऑनलाइन स्टोर अथवा व्यापारियों को भुगतान प्रोसेसर से जोड़ता है, जिससे व्यापारी को ग्राहक से भुगतान स्वीकार करने की अनुमति प्राप्त होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दूसरी ओर, भुगतान एग्रीगेटर, मध्यस्थ हैं जो कई व्यापारियों को अलग-अलग भुगतान प्रोसेसर से जोड़ने के लिये एक मंच प्रदान करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भुगतान एग्रीगेटर और भुगतान गेटवे के बीच मुख्य अंतर यह है कि भुगतान एग्रीगेटर वित्त/निधि का प्रबंधन करता है जबकि भुगतान गेटवे प्रौद्योगिकी प्रदान करता है।
- हालाँकि भुगतान एग्रीगेटर द्वारा भुगतान गेटवे प्रदान किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

14 D

**व्याख्या:**

- **एयरो इंडिया 2023:**
  - एयरो इंडिया 2023 का आयोजन 13 फरवरी से 17 फरवरी, 2023 तक येलहंका, बेंगलुरु के वायु सेना स्टेशन में किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन था और इसमें 98 देशों की भागीदारी देखी गई है।
    - इस वर्ष की थीम 'द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीज़' है तथा प्रमुख उद्देश्य एयरोस्पेस और रक्षा क्षमताओं में भारत की वृद्धि को प्रदर्शित करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - कार्यक्रमों में रक्षा मंत्रियों का कॉन्क्लेव, CEO राउंड टेबल, मंथन स्टार्ट-अप इवेंट, और व्यावसायिक संस्थाओं के बीच साझेदारी बनाने और नवीनीकृत करने हेतु समारोह, एयर शो शामिल थे, जिसमें हवाई प्रदर्शन मुख्य आकर्षण थे।
  - भारत में एक निजी कंपनी द्वारा पहले यात्री विमान के निर्माण और संयोजन हेतु गोपालन एयरोस्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा चेक गणराज्य के ओमनीपोल के बीच समझौता ज्ञापन भी शामिल है।
  - एयरो इंडिया अंतरराष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा कंपनियों के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करने का एक मंच है, और इस आयोजन में आम तौर पर कई देशों की भागीदारी देखी जाती है। स्थिर और उड़ान डिस्प्ले में आमतौर पर भारतीय और विदेशी विमानों का मिश्रण शामिल होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

15 A

**व्याख्या:**

- **सीलबंद कवर न्यायशास्त्र:**
  - भारत में सीलबंद कवर न्यायशास्त्र एक प्रथा है जहाँ गोपनीय जानकारी न्यायालय में सीलबंद कवर में प्रस्तुत की जाती है, जिससे न्यायालय को गोपनीयता बनाए रखते हुए संवेदनशील जानकारी पर विचार करने की अनुमति मिलती है। यह प्रथा आपराधिक मामलों तक ही सीमित नहीं है बल्कि दीवानी मामलों में भी इसका उपयोग किया जा सकता है।
    - पारदर्शिता की आवश्यकता और गोपनीयता बनाए रखने की आवश्यकता को संतुलित करने हेतु सीलबंद कवर का उपयोग भारतीय न्यायशास्त्र में एक महत्त्वपूर्ण उपकरण बन गया है।
    - इसका उपयोग अक्सर उन मामलों में किया जाता है जहाँ राष्ट्रीय सुरक्षा या अन्य संवेदनशील मुद्दे शामिल होते हैं, जैसे कि रक्षा सौदों से संबंधित मामले, राज्य के रहस्यों से संबंधी जाँच और सार्वजनिक हित के मुद्दे।
    - ऐसे मामलों में सीलबंद कवर में प्रस्तुत की गई जानकारी जनता या मामले के पक्षकारों को उपलब्ध नहीं कराई जाती है, बल्कि केवल उन न्यायाधीशों को उपलब्ध कराई जाती है जो मामले की सुनवाई कर रहे हैं।
  - न्यायाधीशों को सूचना की गोपनीयता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि इसका उपयोग कुछ मामले के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिये नहीं किया जाए। न्याय सुनिश्चित करते हुए संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिये एक वैध उपकरण के रूप में भारत में सीलबंद कवर के उपयोग को न्यायालयों द्वारा मान्यता दी गई है और इसे बरकरार रखा गया है। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

16 B

**व्याख्या:**

- इकोलोकेशन एक जैविक प्रक्रिया है जिसका उपयोग डॉल्फिन, व्हेल और चमगादड़ सहित कुछ जानवरों द्वारा ध्वनि तरंगों का उपयोग करके अपने परिवेश का पता लगाने एवं नेविगेट करने हेतु किया जाता है। जो एक अनुदैर्ध्य तरंग है, न कि अनुप्रस्थ तरंग। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अंत:जल शोर उत्सर्जन (Underwater Noise Emission- UNE) बॉटलनोज़ डॉल्फिन, मैनेटीज़, पायलट व्हेल, सील और स्पर्म व्हेल जैसे स्तनधारियों के जीवन हेतु खतरा पैदा कर रहा है।
- अंत:जल शोर उत्सर्जन (UNE) डॉल्फिन में अस्थायी या स्थायी श्रवण हानि का कारण बन सकता है, जो नेविगेट करने एवं आहार प्राप्ति की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

17 D

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची, जिसे दल-बदल विरोधी कानून के रूप में भी जाना जाता है, वर्ष 1985 में 52वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 ने इसे बदल दिया और अब किसी दल के कम- से-कम दो-तिहाई सदस्यों को "विलय" के पक्ष में होना चाहिये ताकि कानून की नज़र में इसकी वैधता हो।
- दल-बदल के आधार पर अयोग्यता के प्रश्नों पर निर्णय सदन के सभापति या अध्यक्ष द्वारा लिया जाता है, जो 'न्यायिक समीक्षा' के अधीन है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

18 D

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC):**

- वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा स्थापित यह आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर समन्वय, नीति समीक्षा, नीतिगत संवाद और सिफारिशों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर सहमति हेतु प्रमुख निकाय है।
- इसमें 54 सदस्य हैं, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये चुने जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सतत् विकास पर विचार, वार्तालाप और नवीन सोच के लिये संयुक्त राष्ट्र का केंद्रीय मंच है।
    - प्रत्येक वर्ष ECOSOC सतत् विकास के लिये वैश्विक महत्त्व के विषय पर अपने कार्य की वार्षिक संरचना करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह संयुक्त राष्ट्र की 14 विशेष एजेंसियों, दस कार्यात्मक आयोगों और पाँच क्षेत्रीय आयोगों के कार्य का समन्वय करता है, नौ संयुक्त राष्ट्र निधियों और कार्यक्रमों से रिपोर्ट प्राप्त करता है और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली तथा सदस्य राज्यों को नीतिगत सिफारिशें जारी करता है।
    - **ECOSOC के दायरे में आने वाले कुछ महत्त्वपूर्ण निकाय:**
    - अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
    - खाद्य और कृषि संगठन (FAO)
    - संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)
    - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
    - ब्रेटन वुड्स ट्विन्स (विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष)
        - अत: कथन 3 सही है।
    - संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF)
    - इनके अलावा विभिन्न कार्यात्मक और क्षेत्रीय आयोग, स्थायी समितियाँ, तदर्थ और विशेषज्ञ निकाय भी हैं।

नोट :

19 A

**व्याख्या:**

- सरकारी प्रतिभूतियों/जी-सेक केंद्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी एक व्यापार योग्य साधन है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जी-सेक एक प्रकार का ऋण साधन है जो सरकार द्वारा अपने राजकोषीय घाटे को वित्तपोषित करने हेतु जनता से धन उधार लेने के लिये जारी किया जाता है।
- एक ऋण साधन एक वित्तीय साधन है जो जारीकर्त्ता द्वारा एक निर्दिष्ट तिथि पर धारक को एक निश्चित राशि, जिसे मूलधन या अंकित मूल्य के रूप में जाना जाता है, का भुगतान करने के लिये एक संविदात्मक दायित्त्व का प्रतिनिधित्त्व करता है।
- यह सरकार के ऋण दायित्त्व को स्वीकार करता है। ऐसी प्रतिभूतियाँ अल्पकालिक (आमतौर पर ट्रेज़री बिल कहा जाता है, एक वर्ष से कम की मूल परिपक्वता के साथ- वर्तमान में तीन अवधियों में जारी किये जाते हैं, अर्थात् 9 -दिन, 182 दिन और 364 दिन) या दीर्घकालिक (आमतौर पर सरकारी बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ कहा जाता है, एक वर्ष अथवा उससे अधिक की मूल परिपक्वता अवधि के साथ) होती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में केंद्र सरकार ट्रेज़री बिल और बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों जारी करती है, जबकि राज्य सरकारें केवल बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ जारी करती हैं, जिन्हें राज्य विकास ऋण (SDLs) कहा जाता है।
- G-Secs में व्यावहारिक रूप से डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता है, इसलिये जोखिम मुक्त गिल्ट-एज इंस्ट्रूमेंट कहलाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- गिल्ट-एज सिक्योरिटीज़ उच्च-श्रेणी के निवेश बॉण्ड हैं जो सरकारों और बड़े निगमों द्वारा धन उधार लेने के साधन के रूप में पेश किये जाते हैं।

20 C

**व्याख्या:**

- **पशुधन क्षेत्र:**
  - पशुपालन ऐतिहासिक रूप से भारत में कृषि का एक अभिन्न अंग रहा है और आज भी प्रासंगिक है क्योंकि समाज का एक बड़ा वर्ग इससे सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है और इस पर निर्भर है।
  - भारत पशुधन जैवविविधता में समृद्ध है और इसने विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल कई विशिष्ट नस्लों को विकसित किया है।
  - **भारतीय अर्थव्यवस्था में पशुधन का योगदान:**
  - भारत का पशुधन क्षेत्र वर्ष 2014-15 से 2020-21 (स्थिर कीमतों पर) के दौरान 7.9% की CAGR दर से बढ़ा और कुल कृषि GVA (स्थिर कीमतों पर) में इसका योगदान वर्ष 2014-15 के 24.3% से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 30.1% हो गया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उनके मौद्रिक लाभ और परिवारों के लिये भोजन और राजस्व की एक स्थिरता प्रदान करने के अलावा पशुधन ग्रामीण परिवारों को रोज़गार प्रदान करते हैं, फसल की विफलताओं के दौरान बीमा के रूप में कार्य करते हैं और एक किसान के स्वामित्व वाले पशुधन की संख्या समुदाय के मध्य सामाजिक स्थिति निर्धारित करती है।
  - डेयरी (दुग्ध) भारत में सबसे बड़ा कृषि उत्पाद है। यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन डेयरी किसानों को सीधे रोज़गार देता है।
  - डेयरी भारत में सबसे बड़ी कृषि वस्तु है। यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान करता है साथ ही डेयरी 80 मिलियन किसानों को सीधे रोज़गार प्रदान करता है।
- **मान्यता प्राप्त स्वदेशी पशुधन प्रजातियाँ:**
  - हाल ही में ICAR ने पशुधन प्रजातियों की 10 नई नस्लों को पंजीकृत किया है। इससे जनवरी 2023 तक देशी नस्लों की कुल संख्या 212 हो गई है।

नोट :

- स्वदेशी पशुधन प्रजातियों की दस नई नस्लें हैं-
- कथानी मवेशी (महाराष्ट्र), सांचोरी मवेशी (राजस्थान) और मासिलम मवेशी (मेघालय); **अतः कथन 2 सही है।**
- पूर्णाथाड़ी भैंस (महाराष्ट्र)
- सोजत बकरी (राजस्थान), करौली बकरी (राजस्थान) और गुजरी बकरी (राजस्थान)
- बाँदा सुअर (झारखंड), मणिपुरी काला सुअर (मणिपुर) और वाक चंबिल सुअर (मेघालय)।

**21 D**

**व्याख्या:**

- शेयर बाज़ार सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों में इक्विटी शेयरों के व्यापार हेतु खरीदारों और विक्रेताओं को एक साथ लाते हैं।
- शेयर बाज़ार एक मुक्त बाज़ार अर्थव्यवस्था के घटक हैं क्योंकि वे निवेशक व्यापार और पूंजी के आदान-प्रदान हेतु लोकतांत्रिक पहुँच को सक्षम करते हैं।
- **नियमन हेतु कानून:**
  - भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम)
  - प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (SCRA)
  - कंपनी अधिनियम, 2013
  - निक्षेपागार अधिनियम, 1996
  - आतंरिक व्यापार विनियम, 2015 **अतः विकल्प D सही है।**

**22 B**

**व्याख्या:**

- **रोडोडेंड्रन:**
  - रोडोडेंड्रन फूलों के पौधों की प्रजाति है और इसमें लगभग 1,000 प्रजातियाँ शामिल हैं। ये मुख्य रूप से एशिया, उत्तरी अमेरिका और यूरोप के समशीतोष्ण क्षेत्रों के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशिया तथा उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - कई प्रजातियाँ बगीचों और पार्कों में इनके बड़े आकार एवं चमकीले रंग के कारण लोकप्रिय सजावटी पौधों के रूप में विख्यात हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - रोडोडेंड्रन सदाबहार या पर्णपाती झाड़ियाँ या छोटे पेड़ होते हैं, जिनका तना चौड़ा तथा पत्ते सख्त होते हैं।
  - भारत में गुलाबी रोडोडेंड्रन हिमाचल प्रदेश का राज्य फूल है, जबकि रोडोडेंड्रन अर्बोरिटम नगालैंड का राज्य फूल और उत्तराखंड का आधिकारिक राज्य वृक्ष है।

**23 D**

**व्याख्या:**

- डीप-सी माइनिंग से तात्पर्य 200 मीटर से नीचे गहरे समुद्र तल से खनिज निकालने की प्रक्रिया से है, जो कुल समुद्री तल के दो-तिहाई हिस्से को कवर करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों से संबंधित सभी गतिविधियों की निगरानी के लिये सामुद्रिक कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCLOS) के तहत एक एजेंसी इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी (ISA) के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय सीबेड वह क्षेत्र है जो राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र की सीमा से बाहर है और विश्व के महासागरों के कुल क्षेत्र का लगभग 50% प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**24 D**

**व्याख्या:**

- इसे तमिल में 'पोन्नी' के नाम से जाना जाता है।
- यह दक्षिण भारत की एक पवित्र नदी है। इसका उद्गम दक्षिण-पश्चिमी कर्नाटक राज्य में पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरि पहाड़ी से होता है। कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य की सीमा पर दक्षिण-पूर्व दिशा में बहते हुए यह नदी पूर्वी घाट पर बड़े झरनों की एक शृंखला के माध्यम से नीचे उतरती है और पुदुचेरी में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसकी कुछ सहायक नदियाँ अर्कवती, हेमवती, लक्ष्मण तीर्थ, शिमसा, काबिनी और हरंगी हैं, जबकि तीस्ता ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**25 A**

**व्याख्या:**

**माइक्रोबायोम लिंक टू ऑटिज़्म**

- यह पाया गया है कि मानव में आँत (Gut) माइक्रोबायोम की संरचना कई बीमारियों को उत्पन्न करती है, जिसमें ऑटिज़्म, क्रोहन रोग आदि शामिल हैं।
- गट माइक्रोबायोम या गट माइक्रोबायोटा, सूक्ष्मजीव हैं, जिनमें बैक्टीरिया, आर्किया, कवक और विषाणु शामिल हैं जो मनुष्यों के पाचन तंत्र में रहते हैं, वे भोजन के पाचन, प्रतिरक्षा प्रणाली, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और अन्य शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करके जन्म से और जीवन भर शरीर को प्रभावित करते हैं।

**ऑटिज़्म:**

- ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम विकार (Autism spectrum disorder- ASD) तंत्रिका-विकासात्मक विकारों के समूह के लिये एक शब्द है। **अतः कथन 1 सही है।**
- शोधकर्त्ताओं को अभी तक ASD के एटिओलॉजी (Aetiology) को पूरी तरह से समझना बाकी है। हालाँकि वे यह पता लगाने में लगे हैं कि क्या आँत-मस्तिष्क अक्ष एक विकार का प्रमुख हिस्सा हो सकता है।
    - एटिओलॉजी उन कारकों का अध्ययन है जो किसी स्थिति या बीमारी का कारण बनते हैं।
- यह एक जटिल मस्तिष्क विकास विकलांगता है जो किसी व्यक्ति के जीवन के पहले 3 वर्षों के दौरान दिखाई देती है।
- यह मानसिक मंदता नहीं है क्योंकि ऑटिज़्म से पीड़ित लोग कला, संगीत, लेखन आदि जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कौशल दिखा सकते हैं। ASD वाले व्यक्तियों में बौद्धिक कामकाज का स्तर अत्यंत परिवर्तनशील होता है, जो गहन क्षीण से बेहतर स्तर तक विस्तृत होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कारण: पर्यावरण और अनुवांशिक कारकों सहित बच्चे को ASD होने की संभावनाओं को बढ़ाने वाले कई कारक होने की संभावना है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) के अनुसार, ASD 100 बच्चों में से एक को प्रभावित करता है।
- संकेत और लक्षण: ASD से प्रभावित बच्चों में खराब सामाजिक संपर्क, खराब मौखिक और अशाब्दिक संचार कौशल देखा जाता है, जो प्रतिबंधित और दोहराव वाले व्यवहार प्रदर्शित करते हैं।

**26 B**

**व्याख्या:**

- वोस्ट्रो खाता वह खाता है जिसमें घरेलू बैंक विदेशी बैंकों के लिये घरेलू मुद्रा रखते हैं। घरेलू बैंक इसका उपयोग अपने ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने हेतु करते हैं जिनकी वैश्विक बैंकिंग जरूरतें हैं।
    - नोस्ट्रो खाता एक बैंक द्वारा दूसरे बैंक में रखा गया खाता है। यह ग्राहकों को बैंक के खाते में दूसरे बैंक में पैसा जमा करने की अनुमति देता है। इसका उपयोग अक्सर तब किया जाता है जब किसी बैंक की विदेश में कोई शाखा नहीं होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- जब भागीदार देशों के बैंक वोस्ट्रो खाता खोलने हेतु संपर्क करेंगे तो प्राधिकृत घरेलू बैंक व्यवस्था का विवरण प्रदान करते हुए शीर्ष बैंकिंग नियामक से अनुमोदन प्राप्त करना होगा।
  - घरेलू बैंक यह सुनिश्चित करने हेतु ज़िम्मेदार हैं कि संपर्की बैंक वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ( Financial Action Task Force- FATF) की उच्च जोखिम और गैर-सहकारी क्षेत्राधिकारों की सूची में उल्लिखित देश से नहीं है।
  - अधिकृत बैंक एक ही देश के विभिन्न बैंकों में कई वोस्ट्रो खाते खोल सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**27 B**

**व्याख्या:**

- भारत के पहले मल्टी-वेवलेंथ स्पेस टेलीस्कोप, एस्ट्रोसैट में पाँच टेलीस्कोप लगे हुए हैं जो दृश्य, निकट के पराबैंगनी, दूर के पराबैंगनी, सॉफ्ट एक्स-रे और हार्ड एक्स-रे सहित कई तरंग दैर्ध्य के माध्यम से एक साथ निरीक्षण कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एस्ट्रोसैट पर 38-सेमी.चौड़े दृश्य क्षेत्र वाला एक अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप लगाया गया है और यह दूर तथा निकट पराबैंगनी रेंज में इमेजिंग करने में सक्षम है।
- एस्ट्रोसैट को 28 सितंबर, 2015 को इसरो द्वारा नियर-अर्थ इक्वेटोरियल ऑर्बिट में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**28 A**

**व्याख्या.**

- क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (XDI) द्वारा सकल घरेलू जलवायु जोखिम रैंकिंग के अनुसार, भारत के 50 उच्च जोखिम वाले राज्यों में नौ राज्य यथा पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, केरल और असम हैं। **अतः कथन 1 सही है और कथन 2 सही नहीं है।**
- XDI एक वैश्विक संगठन है जो क्षेत्रों, बैंकों और कंपनियों के लिये जलवायु जोखिम विश्लेषण में विशेषज्ञता रखता है।

**29 C**

**व्याख्या:**

**विश्व सामाजिक न्याय दिवस :**

- प्रत्येक वर्ष 20 फरवरी को विश्व भर में विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है।
  - इस वर्ष का विषय "बाधाओं पर काबू पाना एवं सामाजिक न्याय के लिये अवसरों को उजागर करना" है, जो वैश्विक एकजुटता को सशक्त करने तथा सरकार में विश्वास के पुनर्निर्माण हेतु सामान्य एजेंडे पर उपलब्ध सिफारिशों पर केंद्रित है।
- महासभा ने वर्ष 2007 में निर्धारित किया कि प्रतिवर्ष 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वर्ष 2008 में, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने समान वैश्वीकरण के लिये सामाजिक न्याय पर ILO घोषणा का समर्थन किया।
  - वर्ष 1919 के ILO के संविधान के बाद से यह ILO की सिद्धांतों और नीति की तीसरी बड़ी घोषणा है।
- यह दिन सामाजिक अन्याय के बारे में जागरूकता बढ़ाता है तथा लिंग, आयु, जाति, नस्लवाद, धर्म, संस्कृति या अक्षमता के आधार पर बाधाओं को हटाने के लिये प्रोत्साहित करता है। **अतः विकल्प C सही है।**

**30 C**

**व्याख्या:**

- **जादुई पिटारा:**
  - जादुई पिटारा 3-8 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिये तैयार एक खेल आधारित अध्ययन-शिक्षण सामग्री है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें प्लेबुक, खिलौने, पहेलियाँ, पोस्टर, फ्लैश कार्ड, स्टोरी बुक्स, वर्कशीट के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, सामाजिक संदर्भ को दर्शाया गया है, साथ ही भाषा के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने एवं मूलभूत चरण में शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को समायोजित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- जादुई पिटारा को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (National Curriculum Framework- NCF) के तहत विकसित किया गया है और यह 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसका उद्देश्य अध्ययन-शिक्षण हेतु उपयुक्त वातावरण तैयार करना और इसे अमृत पीढ़ी के लिये अधिक बाल-केंद्रित, जीवंत एवं आनंदायक बनाना है जैसा कि NEP 2020 में कल्पना की गई है।

**31 C**

**व्याख्या:**

- प्लाज्मोडियम परजीवियों के कारण होने वाला मलेरिया एक जानलेवा मच्छर जनित रक्त रोग है।
  - यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका के साथ-साथ एशिया के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। यह रोकथाम के साथ-साथ इलाज योग्य भी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एनोफिलीज़ स्टेफेन्सी मच्छर की एक प्रजाति है जो प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम और पी. विवैक्स मलेरिया परजीवी दोनों को प्रसारित करने में सक्षम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अत्यंत खतरनाक भी है, क्योंकि अन्य प्रमुख मलेरिया पैदा करने वाले मच्छरों के विपरीत एनोफिलीज़ स्टेफेन्सी अत्यधिक अनुकूलनीय है और यह शहरी वातावरण में पनप सकते हैं।

**32 A**

**व्याख्या:**

- मानक मॉडल (Standard Model- SM) एक सिद्धांत है जो उप-परमाणु कणों के गुणों का वर्णन करता है, उन्हें समूहों में वर्गीकृत करता है और यह निर्धारित करता है कि वे चार मूलभूत बलों में से तीन से कैसे प्रभावित होते हैं: मज़बूत-परमाणु, कमज़ोर-परमाणु और विद्युत चुंबकीय।
  - लेकिन यह गुरुत्वाकर्षण की व्याख्या नहीं कर सकता। **अत: कथन A सही नहीं है।**
- मानक मॉडल ने हिग्स बोसॉन के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी, जिसे वर्ष 2012 में खोजा गया था, साथ ही कई कणों के गुणों की सफलतापूर्वक भविष्यवाणी की, यही कारण है कि यह भौतिकी में सबसे सफल सिद्धांतों में से एक बन गया है। **अत: कथन B सही है।**
  - हिग्स बोसॉन एक प्राथमिक कण है, जिसका अर्थ है कि इसे छोटे घटकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। इसमें कोई विद्युत आवेश, स्पिन या अन्य आंतरिक गुण नहीं होते हैं, लेकिन इसमें द्रव्यमान होता है।
  - हिग्स बोसॉन का द्रव्यमान लगभग 125 बिलियन इलेक्ट्रॉन वोल्ट है, यानी एक प्रोटॉन के द्रव्यमान का लगभग 133 गुना है।
- अपनी सफलताओं के बावजूद मानक मॉडल कुछ घटनाओं की व्याख्या करने में असमर्थ है, जैसे ब्रह्मांड में एंटीमैटर पर पदार्थ की अधिकता, डार्क मैटर और डार्क एनर्जी। **अत: कथन C सही है।**
  - इस क्षेत्र में और अधिक शोध हमें ब्रह्मांड की मौलिक प्रकृति के बारे में समझने में मदद कर सकता कि यह किस प्रकार कार्य करता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**33 B**

**व्याख्या:**

- **सागर परिक्रमा:**
  - यह सभी मछुआरों, मत्स्य किसानों और संबंधित हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिये पूर्व-निर्धारित समुद्री मार्ग के माध्यम से सभी तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित की जाने वाली एक नेविगेशन यात्रा है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **महत्त्व:**
  - यह राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा और तटीय मछुआरा समुदायों की आजीविका एवं समुद्री पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा हेतु समुद्री मत्स्य संसाधनों के उपयोग के साथ स्थायी संतुलन पर ध्यान केंद्रित करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**34 A**

**व्याख्या:**

- कीलादी दक्षिण तमिलनाडु के शिवगंगा ज़िले की एक छोटी-सी बस्ती है। यह मंदिरों के शहर मदुरै से लगभग 12 किमी. दक्षिण-पूर्व में वैगई नदी के किनारे स्थित है।
- वर्ष 2015 से यहाँ की गई खुदाई से साबित होता है कि तमिलनाडु में वैगई नदी के तट पर संगम युग में एक शहरी सभ्यता मौजूद थी। **अतः विकल्प A सही है और विकल्प C सही नहीं है।**
- खोजी गई कीलादी कलाकृतियों ने शिक्षाविदों को वैगई घाटी सभ्यता के हिस्से के रूप में स्थल का वर्णन करने के लिये प्रेरित किया है। निष्कर्षों ने दोनों स्थानों के बीच 1,000 वर्षों के सांस्कृतिक अंतराल को स्वीकार करते हुए सिंधु घाटी सभ्यता के साथ तुलना पर चर्चा को भी पुनः सक्रिय किया है। **अतः विकल्प B सही नहीं है।**
- तमिलनाडु राज्य पुरातत्त्व विभाग (TNSDA) के अनुसार, कीलादी में ईंट की संरचनाएँ, विलासिता की वस्तुएँ और आंतरिक तथा बाहरी व्यापार के प्रमाण एक शहरी सभ्यता की विशेषताएँ हैं। **अतः विकल्प D सही नहीं है।**

**35 A**

**व्याख्या:**

- "BBNJ संधि" जिसे "ट्रीटी ऑफ द हाई सी" के रूप में भी जाना जाता है, UNCLOS के ढाँचे के तहत राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैवविविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
- BBNJ अनन्य आर्थिक क्षेत्रों या देशों के राष्ट्रीय जल से परे खुले समुद्र को शामिल करता है।
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) के अनुसार, ये क्षेत्र "पृथ्वी की सतह का लगभग आधा" हैं।
- इन क्षेत्रों को शायद ही विनियमित किया जाता है और इनकी जैवविविधता हेतु कम-से- कम जानकारी प्राप्त या खोज की जाती है, विदित है कि इनमें से केवल 1% क्षेत्र ही संरक्षण का अधीन हैं।
- फरवरी 2022 में वन ओशन समिट में लॉन्च किया गया, राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे जैवविविधता को लेकर उच्च महत्त्वाकांक्षी गठबंधन उच्चतम राजनीतिक स्तर पर एक आम और महत्त्वाकांक्षी परिणाम हेतु BBNJ वार्ता में शामिल कई प्रतिनिधिमंडलों को एकजुट करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**36 A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (National Mission for Clean Ganga- NMCG):**

- 12 अगस्त, 2011 को NMCG को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- NMCG का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना एवं गंगा नदी का कायाकल्प करना है।
    - जल की गुणवत्ता और पर्यावरणीय रूप से सतत् विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक योजना एवं प्रबंधन तथा नदी में न्यूनतम पारिस्थितिक प्रवाह को बनाए रखने के लिये अंतर-क्षेत्रीय समन्वय को बढ़ावा देना है।
- NMCG को गंगा नदी के कायाकल्प, संरक्षण और प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय परिषद द्वारा कार्यान्वित किया जाता है, जिसे राष्ट्रीय गंगा परिषद भी कहा जाता है।
- अधिनियम में गंगा नदी में पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और कमी के उपाय करने हेतु राष्ट्रीय, राज्य एवं ज़िला स्तर पर पाँच स्तरीय संरचना की परिकल्पना की गई है:
    - भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गंगा परिषद। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - केंद्रीय जल शक्ति मंत्री (जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग) की अध्यक्षता में गंगा नदी पर अधिकार प्राप्त कार्य बल (ETF)।
    - राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG)।
    - राज्य गंगा समितियाँ।
    - राज्यों में गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों से सटे प्रत्येक निर्दिष्ट ज़िले में ज़िला गंगा समितियाँ।

नोट :

37 C

**व्याख्या:**

- डिकिन्सोनिया विलुप्त, कोमल शरीर वाले, समुद्री जीवों की एक प्रजाति है, जो लगभग 550 से 560 मिलियन वर्ष पूर्व एडियाकरन काल के दौरान पाए जाते थे, इनके प्रमुख क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया, चीन, रूस, यूक्रेन थे।
- जीवाश्मों में कोलेस्ट्रॉल के अणुओं की खोज के बाद से इसे एक पशु के रूप में वर्गीकृत किया गया था। **अतः विकल्प C सही है।**

38 C

**व्याख्या:**

**भारत का विधि आयोग:**

- **परिचय:**
- भारत का विधि आयोग समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग वर्ष 1955 में तीन साल के कार्यकाल के लिये स्थापित किया गया था।
    - पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में ब्रिटिश शासन काल के दौरान वर्ष 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **उद्देश्य:**
- यह कानून और न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है।
- विधि आयोग का कार्य कानून संबंधी अनुसंधान और भारत में मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना है ताकि इसमें सुधार किया जा सके एवं केंद्र सरकार या स्व-प्रेरणा द्वारा इसके संदर्भ में नए कानून बनाए जा सकें।
    - **संघटन:**
- एक पूर्णकालिक अध्यक्ष के साथ-साथ आयोग में एक सदस्य-सचिव सहित और चार पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
- कानून मंत्रालय का कानून और विधायी सचिव इस आयोग का पदेन सदस्य होगा।
- इसमें अंशकालिक सदस्यों की संख्या पाँच से अधिक नहीं होगी।।
- सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश इस आयोग का अध्यक्ष होगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

39 C

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट "मातृ मृत्यु दर प्रवृत्ति" (Trends in Maternal Mortality) के अनुसार, वर्ष 2020 में अनुमानतः 287,000 मातृ मृत्यु की घटनाएँ दर्ज की गईं जिनमे से 70% उप-सहारा अफ्रीका में हुईं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत वर्ष 2020 में 24,000 के आँकड़े के साथ मातृ मृत्यु दर के मामले में नाइजीरिया के बाद दूसरे स्थान पर था।
- हालाँकि वर्ष 2000 से 2020 के बीच भारत में मातृ मृत्यु दर में कुल मिलाकर 73.5% की कमी आई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

40 D

**व्याख्या:**

- **LCA तेजस Mk1:**
    - स्वदेशी LCA तेजस Mk2 भारत में विकसित एक लड़ाकू विमान है जो आठ बियॉन्ड-विज़ुअल-रेंज (BVR) मिसाइलों को एक साथ ले जा सकता है, साथ ही अन्य देशों के सभी स्वदेशी हथियारों और उन्नत हथियारों को एकीकृत कर सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
        - LCA Mk2, LCA तेजस Mk1 का उन्नत संस्करण है, जिसने रेंज और मिशन की शक्ति में सुधार किया है।
        - LCA तेजस Mk1 की युद्ध लड़ने की मिशन क्षमता 57 मिनट थी, लेकिन LCA तेजस Mk2 की क्षमता 120 मिनट है।

नोट :

- एक दशक में जब जगुआर, मिग-29 और मिराज 2000 सेवानिवृत्त होने लगेंगे तो उनके प्रतिस्थापन के रूप में LCA Mk2 को पेऔरश किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - विमान की संभावित डिज़ाइन समीक्षा तैयार है और इसका निर्माण शुरू हो गया है, साथ ही यह विमान वर्ष 2024 तक संचालनीय हो जाएगा।
  - LCA Mk2 की हथियार ले जाने की क्षमता 6.5 टन होगी। LCA Mk2 में जनरल इलेक्ट्रिक GE-414 इंजन लगा होगा।

**41 D**

**व्याख्या:**

**जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST):**

- यह टेलीस्कोप NASA, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के मध्य एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का परिणाम है जिसे दिसंबर 2021 में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह वर्तमान में अंतरिक्ष में एक ऐसे बिंदु पर है जिसे सूर्य-पृथ्वी L2 लैग्रेंज बिंदु के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा से लगभग 1.5 मिलियन किमी. दूर है।
  - इन स्थानों पर रखी वस्तुएँ अपेक्षाकृत स्थिर होती हैं और उन्हें वहाँ बनाए रखने के लिये न्यूनतम बाह्य ऊर्जा या ईंधन की आवश्यकता होती है तथा अनेक उपकरण यहाँ स्थित हैं।
- यह अब तक निर्मित सबसे बड़ा, सबसे शक्तिशाली इन्फ्रारेड स्पेस टेलीस्कोप है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह हबल टेलीस्कोप का उत्तराधिकारी है।
- यह सुदूर आकाशगंगाओं की तलाश में बिग बैंग के ठीक बाद के समय में (अतीत में) झाँक सकता है, साथ ही उस प्रकाश, जिसे आकाशगंगाओं से टेलीस्कोप तक पहुँचने में कई अरब वर्ष लग गए, के बारे में भी जान सकता। **अत: कथन 3 सही है।**

**42 B**

**व्याख्या:**

**न्यू स्टार्ट संधि:**

- यह अमेरिका और रूस के मध्य एक संधि थी जिसने अंतर-महाद्वीपीय श्रेणी के परमाणु हथियारों पर नई सत्यापन योग्य सीमाएँ निर्धारित कीं।
- यह संधि 5 फरवरी, 2011 को लागू हुई थी।
- संधि का उद्देश्य सामरिक रूप से तैनात सामरिक परमाणु हथियारों और वितरण वाहनों की संख्या को कम करना था।
- इसमें परमाणु हथियारों और वितरण प्रणालियों की संख्या, स्थान और संचलन के बारे में डेटा एवं सूचना के आदान-प्रदान की भी आवश्यकता होती है, जिससे यह एक सत्यापन योग्य समझौता बन जाता है। **अत: विकल्प B सही है।**

**43 C**

**व्याख्या:**

**फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन (FGD) संयंत्र:**

- फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन संयंत्र विद्युत उत्पादन हेतु कोयले को जलाने से उत्पन्न सल्फर और अन्य गैसों (नाइट्रोजन ऑक्साइड) को संसाधित करेगा। FGD संयंत्र, वायुमंडल में छोड़े जाने से पहले ग्रिप गैस से सल्फर डाइऑक्साइड को अलग कर देता है जिससे पर्यावरण पर इसका प्रभाव कम हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- FGD संयंत्र द्वारा उत्पादित जिप्सम का उपयोग उर्वरक, सीमेंट, कागज़, कपड़ा एवं निर्माण उद्योगों में किया जाएगा तथा इसकी बिक्री से FGD संयंत्र के रखरखाव में योगदान की संभावना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**44 B**

**व्याख्या:**

**ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC):**

- यह यह भारत में ई-कॉमर्स उद्योग के लिये एक एकीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उद्देश्य से वाणिज्य मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department of Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT) द्वारा स्थापित एक ओपन ई-कॉमर्स प्रोटोकॉल है।
- ONDC के तहत यह परिकल्पना की गई है कि एक भागीदार ई-कॉमर्स साइट (उदाहरण के लिये अमेज़न) पर पंजीकृत खरीदार किसी अन्य प्रतिभागी ई-कॉमर्स साइट (उदाहरण के लिये फ्लिपकार्ट) पर विक्रेता से सामान खरीद सकता है।
- इसका लक्ष्य एक सामान्य प्लेटफॉर्म प्रदान करना है जो ई-कॉमर्स मूल्य श्रृंखला में खरीदारों, विक्रेताओं, रसद प्रदाताओं और अन्य हितधारकों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह को सक्षम बनाता है। **अत: विकल्प B सही है।**

**45 C**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग :**

- वित्त आयोग (FC) एक संवैधानिक निकाय है, जो केंद्र और राज्यों के बीच तथा राज्यों के बीच संवैधानिक व्यवस्था और वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कर से प्राप्त आय के वितरण के लिये विधि एवं सूत्र निर्धारित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत भारत के राष्ट्रपति के लिये प्रत्येक पाँच वर्ष या उससे पहले एक वित्त आयोग का गठन करना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 15वें वित्त आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा नवंबर 2017 में एन.के. सिंह की अध्यक्षता में किया गया था। इसकी सिफारिशें वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक पाँच वर्ष की अवधि के लिये मान्य होंगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**46 B**

**व्याख्या:**

- भारत और यूनाइटेड किंगडम (UK) के बीच आयोजित अभ्यास में शामिल हैं:
  - अजेय वॉरियर (सैन्य)
  - कोंकण (नौसेना)
  - इंद्रधनुष (वायु सेना)
  - कोंकण शक्ति (पहली बार त्रि-सेवा संयुक्त अभ्यास)
- साइटमेक्स सिंगापुर-भारत-थाईलैंड के बीच एक समुद्री अभ्यास है **अत: विकल्प B सही है।**

**47 C**

**व्याख्या:**

- INS सिंधुकेसरी रूस निर्मित सिंधुघोष श्रेणी की पनडुब्बियों का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2018 में पुनर्निर्मित किये जाने से पहले इस पनडुब्बी को वर्ष 1989 में भारतीय नौसेना द्वारा कमीशन किया गया था। सिंधुघोष श्रेणी की पनडुब्बियाँ किलो श्रेणी की डीज़ल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियाँ हैं। यह पनडुब्बी 3,000 टन भार ले जाने में सक्षम है। **अत: कथन 2 सही है।**

**48 C**

**व्याख्या:**

- आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, भारत की 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% आबादी की आजीविका का मुख्य आधार कृषि है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के प्रभुत्त्व के बारे में आम धारणा के विपरीत लगभग दो-तिहाई ग्रामीण आय अब गैर-कृषि गतिविधियों से उत्पन्न होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले छह वर्षों में कृषि क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि दर 4.6% रही है। हालाँकि ऐसे अन्य कई कारण हैं जिनसे कृषि क्षेत्र और ग्रामीण आय काफी प्रभावित हो रही है।

**49 D**

**व्याख्या:**

- **नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म:**
  - मई 2022 में नीति आयोग ने मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोग से NDAP नामक एक परिवर्तनकारी ओपन डेटा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह केंद्र और राज्य सरकार की संस्थाओं से उपयोगकर्त्ताओं को उनके अनुकूल इंटरफेस एवं प्रभावशाली एनालिटिक्स के साथ मशीन-पठनीय प्रारूपों में मूलभूत डेटासेट प्रदान करता है।
  - यह प्लेटफॉर्म विविध डेटासेट को सरकार से जोड़ने के लिये अत्याधुनिक तरीकों का उपयोग करता है और एक साथ कई प्रकार के डेटा के उपयोग में सक्षम बनाता है।
  - NDAP के लक्षित उपयोगकर्त्ताओं में नीति निर्माता, सिविल सेवक, विश्वविद्यालय के छात्र और शोधकर्ता, पत्रकार, नवप्रवर्तक एवं नागरिक समाज समूह सम्मिलित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - फरवरी 2023 तक NDAP 15 क्षेत्रों और 46 मंत्रालयों से 885 डेटासेट आयोजित करेगा।
  - **उद्देश्य:**
    - इसे उन मुद्दों को हल करने के लिये तैयार किया गया है जो वर्तमान में सरकारी डेटा के उपयोग को सीमित करते हैं, NDAP से पूर्व, विविध डेटा उपयोगकर्त्ताओं पर व्यापक शोध किया गया था ताकि सरकारी डेटा की उनकी मांग, इसे प्रभावी ढंग से उपयोग करने के कौशल और ऐसा करने में आने वाली चुनौतियों पर ध्यान आकृष्ट किया जा सके।

**50 C**

**व्याख्या:**

- HIV यानी ह्यूमन इम्यूनोडिफिसिएंसी वायरस एक ऐसा वायरस है जो मानव शरीर में प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षति पहुँचाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके संचरण के प्राथमिक स्रोत- रक्त, शुक्राणु, यौनिक तरल पदार्थ, स्तनपान आदि माने जाते हैं।
- हालाँकि वर्तमान में संक्रमण का कोई इलाज नहीं है, लेकिन एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART) का उपयोग करके वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**51 D**

**व्याख्या:**

- हमिंगबर्ड अमेरिकी महाद्वीप के स्थानीय हैं और उनकी लगभग 350 प्रजातियाँ हैं जो विभिन्न रंगों की होती हैं।
- इन पक्षियों की तुलना भारत के सनबर्ड्स से की जा सकती है।
- एज़्टेक ने उन्हें हुइत्ज़िलिन या 'सूर्य की किरण' के रूप में संदर्भित किया। **अतः विकल्प D सही है।**

**52 A**

**व्याख्या:**

- **अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलीमीटर ऐरे (ALMA) के विषय में:**
  - ALMA एक अत्याधुनिक टेलीस्कोप है जो मिलीमीटर और सबमिलीमीटर तरंग दैर्ध्य पर आकाशीय पिंडों का अध्ययन करता है, ये धूल के बादलों के माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं एवं खगोलविदों को धूमिल और दूर की आकाशगंगाओं तथा तारों की जाँच करने में मदद करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- ALMA को यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला (European Southern Observatory- ESO), संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (National Science Foundation- NSF) और जापान के राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संस्थान (National Institutes of Natural Sciences- NINS) के साथ-साथ NRC (कनाडा), MOST और ASIAA (ताइवान) तथा KASI (कोरिया गणराज्य) व चिली गणराज्य के सहयोग से स्थापित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**53 B**

**व्याख्या:**




- जर्मनी नौ देशों फ्राँस, लक्ज़मबर्ग, डेनमार्क, बेल्जियम, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया, चेक गणराज्य, नीदरलैंड और पोलैंड के साथ सीमा साझा करता है।
- यह मध्य यूरोप में बाल्टिक सागर और उत्तरी सागर की सीमा में स्थित है। **अतः विकल्प B सही है।**

**54 D**

**व्याख्या:**

**ओलिव रिडले कछुए:**

- ओलिव रिडले कछुए विश्व में सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये कछुए मांसाहारी होते हैं और उनका नाम उनके जैतून के रंग के आवरण से मिलता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे बड़े पैमाने पर घोंसले बनाने के लिये जाने जाते हैं जिसे अरिबादा कहा जाता है, जहाँ हज़ारों मादाएँ अंडे देने के लिये एक ही समुद्र तट पर एक साथ आती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर के गर्म पानी में पाए जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- ओलिव रिडले कछुए IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध हैं तथा जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) के परिशिष्ट-I में उल्लेखित हैं।

**55 B**

**व्याख्या:**

- 'मिशन शक्ति' को 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के लिये लॉन्च किया गया था।
- मिशन शक्ति एक समेकित महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम है जिसे महिलाओं की संरक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिये एक व्यापक योजना के रूप में शुरू किया गया है। **अतः विकल्प B सही है।**

नोट :